आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा – सरकार की प्राथमिकता किफायती और टिकाऊ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना है ।
2. सांसद बिष्णु पद रे ने कल ग्रामीण सड़कों के सुधार और नवीनीकरण हेतु फरारगंज तहसील के अंतर्गत पांच गांवों में आधारशिला रखी।
3. 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में, श्रम विभाग की ओर से माहव्यापी जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं।
4. आईसीसी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप के खिताबी मुकाबले में कल शाम भारत और न्यूजीलैंड आमने सामने होंगे।

<><><><><><><>

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। नई दिल्ली में श्री पुरी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता लोगों के लिए किफायती और टिकाऊ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना है और वह इसे बखूबी पूरा कर रही है। उन्होंने भू–राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारत के निर्बाध ऊर्जा आयात के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया। इस बीच इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कहा कि सोशल मीडिया पर पेट्रोल और डीजल की कमी की खबरें निराधार हैं। कंपनी ने कहा कि भारत के पास पर्याप्त ईंधन भंडार है और आपूर्ति और वितरण नेटवर्क सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। कंपनी पूरे देश में निर्बाध ईंधन आपूर्ति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उसने लोगों से अनुरोध किया कि वे घबराएं नहीं और पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगाएं तथा सटीक जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।

<><><><><><><>

लोकसभा में सोमवार को अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होना निर्धारित है। बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होगा। पिछले महीने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान, विपक्ष ने लोकसभा के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष को पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्य करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई थी। इस प्रस्ताव पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, वामपंथी दलों और अन्य दलों के सदस्यों सहित 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए थे।

इस बीच, भाजपा और कांग्रेस ने अपने लोकसभा सांसदों को व्हिप जारी किया है, जिसमें उन्हें 9 से 10 मार्च तक सदन में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

<><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने कल ग्रामीण सड़कों के सुधार और नवीनीकरण हेतु फरारगंज तहसील के अंतर्गत सोनापहाड़, वृंदावन, मथुरा और कडाकाचांग में  आधारशिला रखी। इन कार्यों को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा केंद्रीय सड़क कोष के तहत स्वीकृत किया गया है। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी, संबंधित जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत प्रधान, अंडमान लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने निवासियों को पानी की पाइपलाइन, बिजली आपूर्ति लाइनों और शेष सड़कों के निर्माण जैसे अन्य स्थानीय मुद्दों को भी संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया।

<><><><><><>

जल संरक्षण के महत्व और जल संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग के प्रति जन–जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से, अंडमान लोक निर्माण विभाग के जन स्वास्थ्य इंजीनियरिंग प्रभाग की ओर से हाल ही में भातुबस्ती में वॉटर कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रशासन के चल रहे जागरूकता अभियान का हिस्सा था। इस अवसर पर जल संरक्षण के विषय पर केंद्रित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान, जनता के साथ टोल–फ्री हेल्पलाइन नंबर भी साझा करने के अलावा एक हस्ताक्षर अभियान भी आयोजित किया गया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के होटलों, गेस्ट हाउसों और होमस्टे में बुनियादी आपातकालीन और प्राथमिक चिकित्सा किट की अनुपलब्धता के कारण, यहाँ आने वाले पर्यटकों को अक्सर चिकित्सा आपात स्थिति के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में, होटल प्रबंधन और आतिथ्य प्रतिष्ठानों को अपने आवास इकाइयों में आवश्यक आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण विषय पर आधारित 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में, श्रम विभाग, की ओर से कल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डॉलीगंज में जागरूकता कार्यक्रम का

आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग विभाग के उप निदेशक, अजीत आनंद ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यस्थलों पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए निर्धारित सुरक्षा उपायों के पालन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान औद्योगिक सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और देश भर के कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। इस अवसर पर, सहायक श्रम आयुक्त ने कार्यस्थलों पर अपनाए जाने वाले विभिन्न सुरक्षा अभ्यासों और निवारक उपायों पर प्रकाश डाला। श्रम विभाग ने द्वीपों के औद्योगिक प्रतिष्ठानों और श्रमिकों के बीच सुरक्षा प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए माहव्यापी जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला निर्धारित की है। इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद अपनी हीरक जयंती मना रहा है, जो कार्यस्थल सुरक्षा, व्यावसायिक स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में राष्ट्र के प्रति समर्पित सेवा के 60 वर्षों का प्रतीक है।

<><><><><><>

आईसीसी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप के खिताबी मुकाबले में कल शाम भारत और न्यूजीलैंड आमने सामने होंगे। यह मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शाम 7 बजे से खेला जाएगा। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में मौजूदा चैंपियन भारत ने सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 7 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, मिचेल सैंटनर की कप्तानी में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की। टी20 मुकाबलों में भारत 18 जीत के साथ न्यूजीलैंड से आगे है, जबकि न्यूजीलैंड ने 11 मुकाबले जीते हैं।

<><><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते कैम्पबेल बे के गांधी नगर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित होने वाले राहत और पुनर्वास से संबंधित जन सुनवाई के निर्धारित समय में बदलाव किया गया है। अब यह सुनवाई आज दोपहर साढ़े बारह बजे आयोजित की जाएगी।

इस बीच, कल कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार में कृषि क्षेत्र से जुडे विभिन्न मुद्दों और बजट घोषणाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कृषि विभाग, कैंपबेल बे की ओर से गांधी नगर और शास्त्री नगर के किसानों के लिए व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><>

स्कूल ऑफ नर्सिंग में अनुबंध के आधार पर अंग्रेजी और कंप्यूटर विषयों के लिए अल्पकालिक शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इस पद के लिए सीधा साक्षात्कार 11 मार्च को सुबह साढ़े दस बजे जीबी पंत अस्पताल स्थित पुराना ओपीडी भवन के प्रधानाचार्य के कक्ष, में लिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों से अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुबह 10 बजे तक रिपोर्ट करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए इतिहास विषय में अतिथि संकाय के एक रिक्त पद के पैनल चयन हेतु सीधे साक्षात्कार का आयोजन किया गया है। सभी इच्छुक उम्मीदवारों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ नौ मार्च को सुबह 10 बजे से कॉलेज में उपस्थित होने को कहा गया है। साक्षात्कार, डेमो का विस्तृत विवरण, और आवश्यक निर्देश कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा विवरण को कॉलेज की सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित किए गए हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से पुलिस फायरिंग रेंज, प्रातरापुर में छोटे हथियारों से फायरिंग अभ्यास और टीयर स्मोक मुनिशन का प्रदर्शन किया जाएगा। यह अभ्यास 10, 12, 14, 17, 19 और 24 मार्च को सुबह 6 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा। इस दौरान क्षेत्र के निवासियों से स्वयं को और अपने पशुओं को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>